## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 04.12.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर"अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स, जनवार्ता,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 04.12.2025

## निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी

**वाराणसी।** कमिश्नर एस. राजलिंगम ने बुधवार को विकास कार्यों का निरीक्षण किया। एलटी कॉलेज में विकास प्राधिकरण की ओर से बनाए जा रहे पुस्तकालय भवन के निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं को अभियान चलाकर गुणवत्ता के साथ कार्य को पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने सारनाथ से रिंग रोड तक सेतु निगम की ओर से बनाए जा रहे एलिवेटेड रोड, निर्माणाधीन कज्जाकपुरा फ्लाईओवर, लालपुर में प्रशासनिक ब्लॉक, पांडेयपुर पुलिस स्टेशन, कज्जाकपुरा फ्लाईओवर के अवशेष कार्य को भी शीघ्र पूर्ण कराए जाने के लिए सेतु निगम के अभियंताओं को निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि सभी कार्य समय से पूरे होने चाहिए। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। निर्माण कार्य में लापरवाही या गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर कमी मिली तो जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई होगी। ब्यूरो

### अमर उजाला–दि0 04.12.2025

## मैप फैसिलिटी सेल से जांच कराके जमा करें नक्शा

**वाराणसी।** वीडीए में नक्शा जमा करने से पूर्व एक बार मैप फैसिलिटी सेल से जांच कराएं। इस दौरान जो भी कमियां होंगी वह सेल के विशेषज्ञ दूर कराएंगे। इससे नक्शा पास करने में आसानी होगी। ज्यादातर लोगों का दिक्कत मानचित्र जमा करने के बाद पास कराने की होती है। इस चक्कर में लोगों को काफी परेशानी होती थी। इसे दूर करने के लिए वीडीए ने पहल की है। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने बताया कि नक्शे की जांच के दौरान जो भी त्रुटियां होंगी वे दूर कराई जाएंगी। इससे नक्शे आसानी से पास हो जाएंगे। नक्शा बनवाने के लिए आर्किटेक्ट और इंजीनियर की मदद ले सकते हैं। इसकी नियमित निगरानी होगी। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 04.12.2025

### मानचित्र समाधान दिवस के लिए कैंप आज

वाराणसी। वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा के निर्देश पर अब हर बृहस्पतिवार की सुबह 10 से 3 बजे तक वीडीए परिसर में मानचित्र समाधान दिवस कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर मानचित्र से जुड़ी सभी सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे कैंप में उपस्थित होकर अपनी मानचित्र संबंधी समस्याओं का शीघ्र एवं पारदर्शी निस्तारण प्राप्त करें। कैंप में नगर नियोजक, जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, वरिष्ठ लिपिक आदि मौजूद रहेंगे। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 04.12.2025

### तीनों ओवरहेड टैंक का पानी जाएगा एसटीपी में : वीडीए उपाध्यक्ष

जागरण संवाददाता, वाराणसी : मोहनसराय स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में चल रहे विकास कार्य की प्रगति को लेकर बुधवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने आइआइटी बीएचयू के सिविल इंजीनियर के साथ बैठक की। उन्होंने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) पर चर्चा करते हुए कहा कि यहां तीन ओवरहेड टैंक बनना प्रस्तावित है। इन तीनों टैंक के पानी एसटीपी में जाएंगे।इसमें दो टैंकों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।



पूर्ण बोरा

तीसरे टैंक के निर्माण को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि इन टैंकों में जिंक एल्यूमिनियम कोटिंग का उपयोग अधिक उपयुक्त रहेगा जिस पर उपाध्यक्ष ने सहमति जताई। कहा कि सीवेज लाइन एवं स्टार्म वाटर लाइन, ग्राउंडवाटर रिचार्जिंग सिस्टम, फ्रेश वाटर एवं ट्रीटेड वाटर के प्रबंधन प्रणाली, फायर फाइटिंग सिस्टम अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर चर्चा की।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 04.12.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव ने की समीक्षा बैठक

वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के प्राधिकरण कक्ष में अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत दिनांक 24.11.2025 से दिनांक 30.11.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 56,47,961.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-7,81,26,957.00 एवं जोन-2 के वार्ड सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा एवं विन्यास में विगत दिनांक 24.11.2025 से दिनांक 30.11.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 16,47,565.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2025-26 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-4,63,24,338.00 जमा कराया गया है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने को भी जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया।सील प्रकरणों की जॉच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण



हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया है। साथ ही बैठक में अपर सचिव द्वारा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि सौपें गये कार्यो के प्रति कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण से देखा जायेगा। उक्त समीक्षा बैठक में जोन-1 के जोनल अधिकारी, शिवाजी मिश्रा, अंवर अभियन्ता, रोहित कुमार, भवन लिपिक, श्रीमती किरन सिंह एवं जोन-2 के जोनल अधिकारी, श्री प्रकाश कुमार, सहायक अभियन्ता, श्री विनोद कुमार, अवर अभियन्ता, श्रीमती वर्तिका दुबे सहित भवन लिपिक, विनोद कुमार यादव एवं समस्त फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 04.12.2025

### ट्रांसपोर्ट नगर योजना की प्रगति पर की गयी समीक्षा बैठक

वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु समस्त संबंधित ठेकेदारों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यों की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। रिटेनिंग वाल निर्माण कार्य - मे0 नंदन कंस्ट्रक्शनउपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य दिनांक 08 जनवरी तक 100त पूर्ण कर दिया जाए।निर्धारित तिथि तक कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में कड़ी कार्यवाही एवं भारी जुर्माना लगाने की चेतावनी दी गई।2500 किलोलिटर के 03 ओवरहेड टैंक, राइजिंग मेन एवं वाटर सप्लाई कार्य - मे0 साई कंस्ट्रक्शन उक्त कार्य की अंतिम तिथि 28 अगस्त निर्धारित है।कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण होना अनिवार्य है।कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि प्राधिकरण द्वारा किए जाने वाले सभी कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप होने चाहिए।33/11 के.वी. विद्युत उपकेंद्र के उर्जीकृत करने हेतु ओवरहेड लाइन



निर्माण - मे0 साई कंस्ट्रक्शनथथरा (कछवा) स्थित 200 के.वी. उपकेंद्र से प्रस्तावित उक्त 3 उपकेंद्र तक 33 के.वी. बुलडॉग कंडक्टर एवं 11 मी 0 एसटीपी एवं 09 मी0 पीसी पोल के माध्यम से ओवरहेड लाइन निर्माण में कोई प्रगति न पाए जाने पर उपाध्यक्ष महोदय ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।उन्होंने टेंडर निरस्त कर पुनः टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए।ट्रांसपोर्ट नगर योजना में पार्किंग निर्माण कार्य - मे0 रीता कंस्ट्रक्शननिर्धारित समय के भीतर कार्य पूर्ण न होने पर उपाध्यक्ष महोदय ने असंतोष व्यक्त किया तथा डेट एक्सटेंशन के उपरांत भारी जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

बैठक में सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अधीक्षण अभियंता अजय पंवार, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, अधिशासी अभियंता (विद्युत) लाला सतीश सुमन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## हिन्दुस्तान–दि0 04.12.2025

# ट्रांसपोर्टनगर समय से पूरा हो

**वाराणसी।** वीडीए मुख्यालय में बुधवार को ट्रांसपोर्टनगर में चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। आईआईटी बीएचयू के सिविल इंजीनियरिंग के विशेषज्ञों के साथ बैठक में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, पानी टंकियों के निर्माण पर चर्चा की गई। आईआईटी के विशेषज्ञों ने पानी टंकियों की बाहरी दीवार पर जिंक एलम की कोटिंग की सलाह दिया।

## जनवार्ता–दि0 04.12.2025

# ट्रांसपोर्ट नगर विकास की समीक्षा : वीडीए-आईआईटी बीएचयू की संयुक्त बैठक

**एसटीपी, ओवरहेड टैंक और जल प्रबंधन प्रणाली पर हुए तकनीकी विमर्श, कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा पर सख्त निर्देश**



**वाराणसी (जनवार्ता)।** वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) में मंगलवार को उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में ट्रांसपोर्ट नगर के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईआईटी बीएचयू के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विशेषज्ञों और प्राधिकरण के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। समीक्षा के दौरान सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से जुड़े निर्माण कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि एसटीपी से जुड़े तीन ओवरहेड टैंक बनाए जाने हैं, जिनमें से दो टैंकों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जबकि तीसरे टैंक से संबंधित तकनीकी बिंदुओं पर बैठक में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि ओवरहेड टैंकों में जिंक एल्यूमिनियम कोटिंग का उपयोग अधिक उपयुक्त रहेगा। इससे ट्रीटेड वाटर की गुणवत्ता बेहतर होगी, कंटैमिनेशन में कमी आएगी और टैंकों की संरचना अधिक टिकाऊ बन सकेगी। उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि ट्रांसपोर्ट नगर की आधारभूत सुविधाओं का विकास सुचारू रूप से आगे बढ़ सके।

**बैठक में निम्न तकनीकी विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई**

* सीवेज लाइन एवं स्टॉर्म वाटर लाइन
* ग्राउंडवॉटर रिचार्जिंग सिस्टम
* फ्रेश वाटर और ट्रीटेड वाटर प्रबंधन
* फायर फाइटिंग सिस्टम
*अन्य आधारभूत ढांचा विकास संबंधी बिंदु